p>

Title: Need to link Sirohi district in Rajasthan with air services- Laid

श्री देवजी पटेल (जालौर): सिरोही जिला में माउंट आबू और शक्ति पीठ अम्बा जी मंदिर दो विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं । यहाँ साल में लगभग देश और विदेश के 23 लाख से ज्यादा पर्यटक आते हैं । आबू में डेस्टिनशन वेडिंग के हिसाब से बहुत संभावना है और फिल्म यूनिट के लिए भी एक आइडल लोकशन है । जालोर का सुधामाता तीर्थ, 72 जिनालाय जैन मंदिर तथा स्वर्णगिरि दुर्ग भी सिरोही से नजदीक है । ऐसे में कम समय में पर्यटकों का इन तीनों स्थलों पर जाना सुलभ हो जाएगा । यहाँ से हवाई सेवा प्रारम्भ करने से माउंट आबू के पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा यहाँ 30 सीटर विमान आसानी से उतारे जा सकते हैं अबतक इसका इस्तेमाल सिर्फ उड़ानों के लिए किया जाता रहा है । नियमित हवाई सेवा से जुड़ने पर सैलानियों के साथ व्यापारियों को भी बड़े शहरों से यहाँ पहुँचना आसान हो जाएगा ।